निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

8 आषाढ़ 1943 (श0)

(सं0 पटना 548) पटना, मंगलवार, 29 जून 2021

सैनिक कल्याण निदेशालय

गृह विभाग (आरक्षी शाखा)

अधिसूचना

25 जून 2021

सं0 सै0क0नि0/01/01/2017/1014–बिहार पूर्व सैन्य सेवा नियमावली, 2016 के प्रावधानों के आलोक में गृह विभाग, सैनिक कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या 422 दिनांक, 25.04.2018 एवं शुद्धि पत्र संख्या 424 दिनांक, 25.04.2018 से आई0सी0–39081एफ0 कर्नल दिलीप प्रसाद सेवानिवृत्त को निदेशक के पद पर अस्थायी रूप से योगदान की तिथि से नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। उक्त नियमावली की कंडिका 7 (1) के आलोक में इनके अभ्यावेदन पर विचारोपरांत इनके सराहनीय कार्यकलाप के मद्देनजर इनकी सेवा दिनांक, 02.8.2020 से 01.8.2021 तक (अगले एक वर्ष) के लिए विभागीय अधीसूचना संख्या 885 दिनांक, 19.06.2020 से विस्तारित किया गया।

2. उक्त के अनुपालन में आई0सी0–39081एफ0 कर्नल दिलीप प्रसाद दिनांक, 02.8.2018 से निदेशालय में योगदान देकर कार्यरत हैं।

3. आई0सी0–39081एफ0 कर्नल दिलीप प्रसाद दिनांक, 01.08.2021 को अपनी विस्तारित एक वर्ष की सेवा पूरी कर रहे हैं।

4. बिहार पूर्व सैन्य सेवा नियमावली, 2016 की कंडिका 7 (1) के आलोक में इनके अभ्यावेदन पर विचारोपरांत इनके सराहनीय कार्यकलाप के मद्देनजर इनकी सेवा दिनांक, 02.08.2021 से 01.08.2022 तक (अगले एक वर्ष) के लिए विस्तारित किया जाता है।

5. इस अवधि विस्तार के फलस्वरूप इनकी पूर्व की सेवा को लगातार मानते हुए वेतनादि का भुगतान किया जायेगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
जितेन्द्र श्रीवास्तव,
सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 548-571+10-डी0टी0पी0
Website: http://egazette.bih.nic.in